नवोन्मेषी शिक्षण पर आधारित हैं पाठ्यक्रम

सिटी रिपोर्टर ▪ स्पेशलाइज्ड स्किल की बढ़ती मांग को देखते हुए बीएमएल मुंजाल यूनिवर्सिटी (बीएमयू) ने चार नए अंडरग्रेजुएट पाठ्यक्रमों की शुरूआत की है। यूनिवर्सिटी ने बीएससी (ऑनर्स) इकोनॉमिक्स, बिजनेस एनालिटिक्स में स्पेशलाइजेशन के साथ बीबीए, बीबीए-एलएलबी और बीए-एलएलबी की शुरुआत की है। यूनिवर्सिटी का मानना है कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो छात्रों को सक्षम बनाए और उन्हें समाज में अर्थपूर्ण सहयोग करने व भविष्य के बदलते बाजार में खुद को ढालने में मददगार हो। नए पाठ्यक्रमों और स्पेशलाइजेशन को नवोन्मेषी शैक्षणिक प्रक्रियाओं के आधार पर तैयार किया गया है, जो केवल ज्ञान देने के बजाय प्रत्यक्ष अनुभव पर ज्यादा आधारित हैं।